श्री उद[illegible]

बनाम

राजस्थान सरकार

GCMS no — 2021/155 प्र.सं. 90/2021 (रे.वि.)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.07.2021	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी एवं अभियोजन अधिकारी उपस्थित। बहस प्रकरण उभय पक्ष सुनी गई। अधिवक्ता प्रार्थी ने जब्तशुदा वाहन की अनुसंधान में आवश्यकता नहीं होना बताते हुए जमानत एवं सुपुर्दगी पर, न्यायालय द्वारा विहित शर्तो पर वाहन संख्या RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस को, वाहन स्वामी को सुपुर्द करने हेतु निवेदन किया। अभियोजन अधिकारी का मुख्य कथन यह रहा कि वाहन को रिलिज करने पर पुनः अवैध कारोबार में काम लेने की पूर्ण सम्भावना है। अतः जब्तशुदा वाहन प्रार्थी को सुपुर्द नहीं किया जावे। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा दस्तावेजों के आधार पर निवेदन किया कि उक्त जब्तशुदा वाहन RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस प्रार्थी श्री उदयलाल पिता गणपतलाल धाकड़ निवासी मण्डावली, तहसील निम्बाहेड़ा के नाम है साथ ही पुलिस उप अधीक्षक, वृत निम्बाहेड़ा ने भी जब्तशुदा वाहन RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस की अनुसंधान में आवश्यकता नहीं होना बताया है। रिबटल में अभियोजन अधिकारी ने उक्त वाहन, वाहन स्वामी को जमानतनामा एवं सुपुर्दगीनामा पर सौंपे जाने में कोई आपत्ति नहीं होना बताया है। प्रकरण में उभय पक्ष की बहस एवं प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन एवं मनन किया गया। उपलब्ध रिकार्ड से निर्विवाद रूप से स्पष्ट है कि जब्तशुदा वाहन RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस का स्वामित्व प्रार्थी का है एवं जब्तशुदा वाहन RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस की अनुसंधान में आवश्यकता नहीं होना बताया है। अतः जब्तशुदा वाहन RJ 09 GC 8300 बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 1.2 टी पीएस को 6,00,000/- अक्षरे छः लाख रूपये के जमानतनामा एवं सुपुर्दगीनामा प्रस्तुत करने पर विधिक स्वामी को सौंपे जाने के आदेश दिए जाते हैं। (तारा चन्द मीणा) कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official